वार्षिक रिपोर्ट

2012–2013

रामन अनुसंधान संस्थान
बेंगलूर

सर सी वी रामन

(होमी जहांगीर भाभा द्वारा बनाई गई आकृति)

विषय–सूची

प्रस्तावना

निदेशक की कलम से 6

संस्थान के बारे में

इतिहास 8

आरआरआई, एक झलक में 10

अनुसंधान के क्षेत्र

खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी
- परिदृश्य 14
- चालू अनुसंधान 21

प्रकाश एवं पदार्थ भौतिकी
- परिदृश्य 46
- चालू अनुसंधान 51

मृदु संघनित पदार्थ
- परिदृश्य 58
- चालू अनुसंधान 63

सैद्धांतिक भौतिकी
- परिदृश्य 76
- चालू अनुसंधान 81

सुविधाएँ 92

शैक्षिक कार्यक्रम 99

आरआरआई में व्यक्ति 101

प्रकाशन 115

अन्य क्रियाकलाप 116

अनुलग्नक 121

लेखा–विवरण 187



चालू अनुसंधान की सूचना प्रदान करना, संस्थान के सदस्यों द्वारा संस्थान के अंदर अथवा बाहर सम्मेलनों में दिए जाने वाले व्याख्यानों के जरिए अथवा जर्नल के समीक्षात्मक भाषणों के जरिए, वर्तमान अनुंधान की जानकारी देना आदि भी ज्ञान प्रसारण का एक और पहलू है। शैक्षिक परंपरा का उन्नयन एवं उसका अनुरक्षण एक महान अनुसंधान संस्थान की संस्कृति होती है। इसमें विशेष श्रोताओं को ध्यान में रखकर, तकनीकी विषयों रामन अनुसंधान संस्थान के वर्ष 2012 – 13 की वार्षिक रिपोर्ट, वर्ष के दौरान संस्थान के अनुसंधान एवं शैक्षिक क्रियाकलापों का सार है।

पहले के वर्षों की तरह, यह वार्षिक रिपोर्ट विभिन्न अनुसंधान समूहों में चालू ज्ञान–सृजन के सारांश को प्रस्तुत करती है जिनमें से प्रमुख रूप से कुछ संदर्भित वैज्ञानिक जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं।

निदेशक की कलम से

संस्थान, ज्ञान प्रसारण को एक महत्वपूर्ण क्रियाकलाप मानता है। इनमें संस्थान के पीएचडी प्रदान करने हेतु छात्रों का मार्गदर्शन एवं आगंतुक छात्र कार्यक्रम शमिल हैं, जिसके तहत देशभर के छात्र संस्थान में आकर, कुछ सप्ताहों से लेकर महीनों तक रहते हैं और, संस्थान के कई अनुसंधान क्रियाकलापों में भाग लेते हैं। विशिष्ठ संगोष्ठियों का अयोजन, विस्तृत समुदाय के लिए ज्ञान वर्धन में हुई प्रगति के बारे में गोष्ठियों का आयोजन आदि शामिल हैं।

आउटरीच क्रियाकलापों के अधीन, एक अंर्तराष्ट्रीय परियोजना के तौर पर खगौलिकी आंकडे के संचयन में स्थानीय स्कूलों के छात्रों की सहायता करना, आप्टिक टेलीस्कोप की स्थापना के लिए एक गुंबज की पुनःस्थापना हेतु, भीतरी प्रदेशों में स्थित स्कूलों की सहायता करना, लेख प्रस्तुत करना एवं प्रेरणात्मक व्याख्यान देना आदि शामिल है।

इस रिपोर्ट में 01 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2015 तक की अवधि में, संदर्भित जर्नलों में प्रकाशनों की सूची, सम्मेलनों की कार्यवाही एवं मोनोग्राफ, किताबें एवं पीरियाडिकल्स एवं प्रदान की गई पीएचडी उपाधि एवं वर्तमान अनुसंधान को ध्यान में रखते हुए आयोजित संगोष्ठियाँ एवं बैठकें आदि के विवरण शामिल हैं। इस अवधि के दौरान देश अथवा विदेश के वैज्ञानिक, जिन्होंने संस्थान का दौरा किया, उसकी सूची भी शामिल है।

बेंगलूर

अगस्त 31, 2013



संस्थान के चालू अनुसंधान के अद्भुत क्रियाकलापों की जानकारी हासिल करने से पहले, रामन अनुसंधान संस्थान के बारे में संपूर्ण जानकारी प्राप्त करना उचित होगा। ऐतिहासिक संग्रहणों के बीच मानवीय जिज्ञासा एवं अगोचर बुनियादी की कहानी सामने आएगी जिसके आधार पर संस्थापक श्री सर सी वी रामन एवं तदनंतर में उनके उत्तराधिकारियों द्वारा रामन अनुसंधान संस्थान का निर्माण एवं प्रबंधन किया जा रहा है।

रामन जब भारतीय विज्ञान संस्थान में निदेशक थे, 1934 में भारतीय विज्ञान अकादमी की स्थापना की और विश्व विख्यात भौतिकी एवं रसायनिकी जर्नलों में अपने लेख प्रकाशित करने वाले उत्कृष्ट युवा विज्ञानियों को आकर्षित किया। उसी वर्ष मैसूर के महाराज ने, बेंगलूर के उत्तरी भाग में अकादमी के लिए 11 एकड़ ज़मीन दी। कुछ वर्ष के पश्चात रामन ने प्रस्ताव रखा कि, उस परिसर में एक स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान की स्थापना की जाए। तदनुसार उन्होने अकादमी के साथ एक करार के लिए हस्ताक्षर भी किए। संस्थापक के नाम पर ही रामन अनुसंधान संस्थान का नामकरण किया गया।

इस नये संस्थान के लिए निधि संचयन हेतु रामनजी ने देशभर अनेक बार लंबा दौरा किया। 1943 में संचयित राशि एवं आपने व्यक्तिगत बचत राशि को भवन निर्माण के लिए दे दिया। 1948 में भवन का आरंभिक निर्माण एवं भारतीय विज्ञान संस्थान से उनकी सेवा निवृत्ति, दोनों एक साथ घटित हुईं। 1949 के आरंभ में अपने सभी क्रियाकलापों को नये केंद्र में स्थानांतरित कर दिया।

प्रारंभ से ही रामन ने अपने संस्थान के प्रबंधन को अपार शक्ति एवं उत्साह के साथ अपनाया। एक वास्तुविद की सहायता से न केवल उन्होने मुख्य भवन का डिज़ाईन तैयार किया बल्कि इसके अतिरिक्त परिसर सजाने में भी अपनी रुची रखी। अलंकारिक पौधे, वृक्ष, फूल पौधे लगवाए और उन्होने

इतिहास

उस बंजर भूमि को एक सुंदर उद्यान में परिवर्तित कर दिया। उस उद्यान में भ्रमण करना उनके दैनिक जीवन का अभिन्न अंग था। आरंभ में संस्थान में रामनजी को मिलाकर केवल चार स्टाफ थे। आरंभिक दो साल संस्थान में बिजली नहीं थी। बिजली की कमी रामनजी के जिज्ञासा एवं प्रकृति के विस्मयों समझने के कार्य में कोई बाधा नहीं हुई। इन्ही वर्षों में कुछ लेंस एवं मानव चालित हेलियोस्टैट के उपयोग से महान वैज्ञानिक ने काम का संचालन किया। उन्होंने स्टाफ के जीवनाधार के लिए एवं संस्थान में वैज्ञानिक क्रियाकलापों के विस्तार के लिए, रामनजी सरकार से धन की सहायता नहीं लेना चाहते थे। उन्होंने अपने पुराने छात्र के साथ मिलकर रासायनिक उद्योग आरंभ किया। इससे आने वाले लाभ से वे अपने स्टाफ को भुगतान करते थे एवं अपनी प्रयोगशालाएँ तैयार करते थे। तदनंतर के वर्षों में संस्थान का विस्तार बढ़ता रहा, एक ग्रंथालय, कई अन्य भवन और एक संग्रहालय भी जुड़ गया जिसमें रामनजी के रत्न, स्फटिक एवं खनिजों का निजी संचयन भी शामिल है। 1970 में उनका देहांत होने तक रामनजी, रामन अनुसंधान संस्थान के विकास के लिए अथक परिश्रम करते रहे।

उनकी मृत्यु के पश्चात अकादमी ने एक जन दातव्य न्यास की स्थापना की, जिसका नाम है 'रामन अनुसंधान संस्थान न्यास'। अकादमी के अधीन स्थित भूमि, जमा राशि, प्रतिभूतियॉ, धन, प्रयोगशालाएँ, उपकरणों एवं अन्य सभी चर एवं अचर संपत्तियों का न्यास को हस्तांतरित कर दिया गया। रामन अनुसंधान संस्थान का अनुरक्षण, संचालन एवं संपोषण ही न्यास का प्रमुख जिम्मेदारी थी। 1972 में संस्थान को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से वित्तीय सहायता प्राप्त होने लगी। उस समय से संस्थान का वित्तीय स्त्रोत वही है। उसी साल वेंकटरामन राधाकृष्णन को संस्थान के निदेशक पद के लिए आह्वान किया गया। राधाकृष्णन ने संस्थान में एक प्रेक्षणालय के निर्माण के रामनजी की इच्छा को पूरा करने के अलावा खगोल विज्ञान एवं खगोल भैतिकी क्षेत्र में एक सबल समूह का गठन किया जिसके अनुसंधान कार्य की विश्व भर में प्रशंसा की जा रही है। 90 के दशक के मध्य भाग तक द्रव स्फटिक एवं खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी, दो ही अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्र थे। संस्थान के निरंतर विकास तथा सदस्यों के अनुसंधान अभिरुचियों के विस्तारण के फलस्वरूप सैद्धांतिक भौतिकी एवं प्रकाश एवं पदार्थ भौतिकी भी अनुसंधान क्षेत्र में शामिल हो गए। द्रव स्फटिक समूह को मृदु संघनित पदार्थ के नाम से पुर्ननामित किया गया जिससे अर्थ की दृष्टि से अधिक निखरता प्राप्त होती है।

संस्थान के संस्थापक के उदाहरण से प्रेरणा पाकर, आज रामन अनुसंधान संस्थान के संकाय, वैज्ञानिक स्टाफ एवं छात्र उपरोक्त चारों क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य में संलग्न हैं।

आरआरआई, एक झलक में

कार्य–लक्ष्य

संपूर्ण विश्व के बारे में मानव की समझ एवं ज्ञान विकास में वैश्विक प्रयास के तौर पर, रामन अनुसंधान संस्थान खगोल विज्ञान, खगोल भौतिकी, प्रकाश एवं पदार्थ भौतिकी, मृदु संघनित पदार्थ एवं सैद्धांतिक भौतिकी के क्षेत्रों में मौलिक अनुसंधान में कार्यरत है।

निदेशक

श्री रवि सुब्रमण्यन संस्थान के वर्तमान निदेशक हैं।

संगठन

रामन अनुसंधान संस्थान एक स्वायत्त संस्थान है। संस्थान का सर्वोच्च निकाय रामन अनुसंधान न्यास है। यहाँ का निदेशक मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं शैक्षिक अधिकारी हैं। संस्थान का प्रशासन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रबंध परिषद की है और वित्तीय मामलों में वित्त समिति द्वारा परिषद की सहायक की जाती है।

स्थान

रामन अनुसंधान संस्थान, भारत की आईटी राजधानी बेंगलूर के उत्तरी भाग में स्थित 20 एकड जमीन पर स्थित है। यह एक विराट नगर के हलचल से एक शांति का आश्रयताण है तथा सृजनात्मक वैज्ञानिक कार्य के लिए नैसर्गिक एवं प्रेरणात्मक वातावरण प्रदान करता है।

अनुसंधान के विभन्न क्षेत्र

खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी
प्रकाश एवं पदार्थ भौतिकी
मृदु संघनित पदार्थ
सैद्धांतिक भौतिकी

सुविधाएँ

प्रयोगशालाएँ

आरएएल/इलेक्ट्रानिक प्रयोगशाला
क्ष–किरण खगोल विज्ञान प्रयोगशाला
क्वांटम आप्टिक्स प्रयोगशाला
लेज़र कूलिंग और लाईट प्रोपगेशन प्रयोगशाला
क्वांटम इंटरेक्शन प्रयोगशाला
नॉन लीनियर आप्टिक्स प्रयोगशाला
लेसर इंड्यूसड प्लास्मा प्रयोगशाला
रसायनिक प्रयोगशाला
भौतिक मापन प्रयोगशाला
लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले प्रयोगशाला
रियोलजी एवं लाईट स्कैटरिंग प्रयोगशाला
एक्स–रे डिफ्रेक्शन प्रयोगशाला
जीवभौतिकी प्रयोगशाला
इलेक्ट्रोकेमिस्ट्री एवं सतह विज्ञान प्रयोगशाला

मैकेनिकल इंजीनियरिंग

मैकेनिकल कार्यशाला
ग्लैस ब्लोइंड सुविधा

ग्रंथालय

कंप्यूटर सुविधाएँ

शिक्षा

संस्थान निम्नलिखित शैक्षिक कार्यक्रम प्रदान करता है:
पीएचडी कार्यक्रम
डाक्टरोत्तर फेलोशिप कार्यक्रम
आगंतुक छात्र कार्यक्रम

निधिकरण

अनुसंधान संस्थान के लिए निधि, भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से प्राप्त होती है।

अनुसंधान, वैज्ञानिक/तकनीकी स्टॉफ तथा पीएचडी छात्र

अनुसंधान संकाय: 48
वैज्ञानिक/तकनीकी: 46
प्रशासनिक: 27
पीएचडी छात्र: 64

निदेशक
रवि सुब्रमण्यन
खवि व खभौ
बिश्वजीत पॉल
जीबीडी फील्ड स्टेशन
अश्वत्थप्पा
टीपी
संजीब सभापंडित
एससीएम
यशोधन हटवलने
एलएएमपी
सादिक रंगवाला
प्रशासन
कृष्णमराजु
के रघुनाथ
ग्रंथालय
बी एम मीरा
अध्यक्ष अनुसंधान सुविधाएँ
हेमा रामचंद्रन
कम्प्यूटर
जेकब राजन
कार्यशालाएँ
दामोदरन
दुरै चेल्वन
आरएएल / इलेक्ट्रॉनिक प्रयोगशाला
आरएएल समन्वयन समिति
अध्यक्ष – श्रीवाणी
लेखा
सुब्रमण्या
खरीद
राममूर्ति
भंडार
बी मूर्ति
सुरक्षा
गणपति
बागवानी
आर शशिधरन
कैंटीन व अतिथि गृह
श्रीहरि
जन संपर्क
राम
भवन
सुरेश
अनुरक्षण
आर शशिधरन
विद्युत
ए एस राव
वेस्ट मैनेजमेंट
आर शशिधरन



जर्नल क्लब	अर्नब पाल, सुमन जी दास
चर्चागोष्ठी	जोसेफ सेमुअल, प्रमोद पुल्लरकट, सादिक रंगवाला
छात्रावास वार्डन	रेजी फिलिप, अरुण राय, श्रीहरी
प्रवेश समन्वयक	अरुण राय
एस ए ए सी	मदन राव
आंतरिक बैठकें	पीएचडी छात्र
आरआरआई के जेएपी प्रतिनिधि	शिव सेठी
शिकायत समिति	श्रीवाणी (अध्यक्ष), मारिसा वृंदा, के रघुनाथ, मदन राव
अध्यक्ष, पीएच डी साक्षात्कार समिति	बिश्वजीत पॉल, रंजिनी बंधोपाध्याय
विदेश यात्रा समिति	उदयशंकर (अध्यक्ष) लक्ष्मीनारायणन, मदन राव
मूल्यांकन समिति	लक्ष्मीनारायणन (अध्यक्ष) जोसेफ सेमुअल, बिमन नाथ, वी ए रघुनाथन, सादिक रंगवाला
वरिष्ठ प्रबंधक समूह	रवि सुब्रमण्यन (अध्यक्ष) रुक्मांगथन, उदय शंकर, जोसेफ सेमुअल, लक्ष्मीनारायण, कृष्णमराजु, के रघुनाथ
आगंतुक छात्र कार्यक्रम समन्वयक	अरुण रॉय

खगोल विज्ञान एवं

रामन अनुसंधान संस्थान के खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी समूह में 20 अभिप्रेरित अनुसंधानकर्ता शामिल हैं जो, ब्रह्मांड के उदय से लेकर वर्तमान स्थिति तक का अध्ययन करते हैं। इनके मुख्य अनुसंधान क्षेत्र में सैद्धांतिक खगोल भौतिकी, प्रेक्षणात्मक खगोल विज्ञान, खगोल भौतिकीय उपकरण एवं संकेत प्रक्रियन शामिल हैं।

खगोल भौतिकी

परिदृश्य

सैद्धांतिक खगोल भौतिकी, विश्लेषणात्मक मॉडल एवं कम्प्यूटेशनल संख्यात्मक सिमूलेशन के विकास पर ध्यान देती है जो, आकाशपिंडों (तारें, ग्रह, गैलक्सियॉं, एवं इंटरस्टेल्लर माध्यम आदि) की गतिविधि, भौतिक गुण आदि का वर्णन करती है। साथ में ब्रह्मांड की रचना एवं क्रमिक विकासों से संबंधित जिज्ञासा का उत्तर देती है।

प्रेक्षणात्मक खगोल भौतिकी में, विश्व भर के अनेक दूरदर्शकों का उपयोग से, कम फ्रीक्वेन्सी (अधिक वेवलेंग्थ) रेडियों तरंगों से अधिक फ्रीक्वेन्सी (कम वेवलेंग्थ एवं अत्यंत शक्तिशाली) गामा किरणों तक की इलेक्ट्रो मैग्नेटिक विस्तार में रेडियेसन का अध्ययन किया जाता है। इन प्रेक्षणों से प्राप्त सूचनाओं को वर्तमान में प्रचलित सैद्धांतिक नमूनों के परीक्षण करने एवं अध्ययन को नयी दिशा प्रदान करने हेतु उपयोग किया जाता है। इस प्रकार के अध्ययन ही, ब्रह्मांड के बारे में हमारे संचयित ज्ञान के अधार हैं।

ब्रह्मांड के अध्ययन के लिए 17वीं शदी से दूरदर्शकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आज कल के परिष्कृत दूरदर्शकों की सहायता से विज्ञानी इलेक्ट्रो मैग्नेटिक विस्तार के विभिन्न फ्रीक्वेन्सी बैंडों में आकाश कायों का अध्ययन कर पा रहे हैं और ब्रह्मांड और उसकी रचना से संबंधित सवालों का जवाब दे पा रहे हैं। विश्व के कई जगहों पर ऐसे दूरदर्शकों के निर्माण एवं प्रचालन में रामन अनुसंधान संस्थान के खगोल विज्ञान उपकरण इंजीनियर जुडे हुए हैं।

आनेवाले पृष्ठों में, खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी समूह के प्रमुख अनुसंधान क्षेत्र एवं पिछले साल में प्रत्येक सदस्य के वैज्ञानिक क्रिया कलापों का सार प्राप्त होगा। इस अध्याय में वाचकों को सदस्यों के अनुसंधान क्रियाकलापों का विस्तृत एवं तकनीकी विवरण प्राप्त होगा।

खगोल भौतिकी

ब्रह्मांड से संबंधित मॉडलों का विकास : ब्रह्मांड विज्ञान, ब्रह्मांड की रचना एवं विकास को बतानेवाले भौतिकीय मॉडलों का परीक्षण एवं विकास से संबंधित है। संस्थान के अनुसंधानकर्ता रीआयनाइजेशन युग से रेडियेशन के बारे में स्प्ष्ट करने वाले मॉडल के विकास में कार्यरत है। रीआयनाइजेशन युग से मतलब ब्रह्मांड के अति प्राचीन युग से है जब, प्रथम प्रकाशीय स्त्रोतों (जैसे तारे, गैलाक्सियाँ आदि) ने तटस्थ इंटरगैलाक्टिक माध्यमों को आयनाइज किया था। इन मॉडलों से ब्रहंमांड में संरचना की रचना प्रक्रिया सूचना प्राप्त होती है तथा, इस सवाल का जवाब भी मिलेगा कि, क्या वर्तमान दूरदर्शकों से इसी रेडियेशनों को पहचान सकते हैं?

गैलाक्सियॉं एवं उनका परिवेश : गैलक्सियों का विकास अलग से नहीं होता और, गैलक्सियों और इंटरगैलक्टिक माध्यम के विकास में, गैलक्सियों एवं परिवेश के बीच का पारस्परिक व्यवहार की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। रामन अनुसंधान संस्थान के अनुसंधानकर्ता, वैश्लेषिक एवं हाईड्रोडायनामिक सिमुलेशन के माध्यम से इन पारस्परिक व्यवहारों का अध्ययन करते हैं। विशेष रूप से वे गैलक्सियों से होनेवाले हिंसात्मक गैस आउटफ्लो के लिए जिम्मेदार विभिन्न मैकानिज्म एवं गैलक्सी क्लस्टरों के हॉट गैस में इन आउटफ्लों के प्रभाव का अध्ययन कर रहे हैं।

मैग्नेटोहाइड्रोडायनमिक टर्बुलेंस : भूमि पर विद्युत चालित द्रवों में टर्बुलेंस एक विरल घटना हैं जबकि, गैलक्सियों, गैलक्सियों के समूह एवं इंटरस्टेलर माध्यमों में, जहॉं पदार्थों का आयनाईज होता है, अति सामान्य घटना है। रामन अनुसंधान संस्थान के अनुसंधानकर्ता एमएचडी टर्बुलेंस के गहन सैद्धांतिक सूत्रीकरण के काम में सक्रिय हैं।

डायनमों सिद्धांत : संस्थान के खगोलभौतिकी समुदाय द्वारा, आकाशकायों (जैसे तारें, ग्रह, एवं गैलाक्यिॉं) के चारों ओर अति मैग्नेटिक क्षेत्रों का मूल एवं उसको थामने की प्रक्रिया के समझने हेतु सैद्धांतिक कार्य किया जाता है। यह एक ऐसा मैग्नेटिक क्षेत्र है जो, सौर–पवन कणों से भुमि को बचाता हैं अन्यता हमारे ग्रह में जीव जंतुओं का नष्ट हो जाता था।

गुरुत्वाकर्शण डायनमिक्स : संस्थान के अनुसंधनकर्ता ब्लैक होल के चारों ओर ब्रह्मांडीय पिंडों के पथ दर्शानेवाले माडल के निर्माण में भी व्यस्त हैं। अनेक ब्लैक होलों के चारों ओर तारों के पथ के अध्ययन से ही गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग (गुरुत्वाकर्षणीय प्रकाश वक्रण) समझा जा सकता है जिसकी, पूर्व सूचना आइन्स्टाइन द्वारा पहले ही दी गई थी।

प्रेक्षणात्मक खगोल विज्ञान

हेलो एवं रेलिक रेडियों स्त्रोत : ब्रह्मांड में स्थित पदार्थों में गैलाक्सियों के समूह ही अत्यंत बडी संरचना हैं। इनके संरूपण, संरचना एवं गति को समझने की कोशिश से उनकी रचना से संबंधित अंर्तदृष्टि प्राप्त हो सकती है। हेलो एवं रेलिक दोनो गैलक्सी समूह में स्थित ऐसी संरचनाएॅं हैं जो, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक युग के रेडियों भाग में तीव्र रेडियेशन छोड़ती हैं। इस रेडियेशनों का वर्णन करनेवाले अनेक मॉडल उपलब्ध हैं। संस्थान के अनुसंधानकर्ता रेडियों गैलाक्सियों के रेडियेशन से सक्रिय गैलक्टिक न्यूक्लियस से तुलना करते हैं और यह पाया गया है कि इनमें से कुछ धीरे धीरे अवसान होते जा रहे हैं। वर्तमान के दूरदर्शकों के सूक्ष्म ग्रहणशीलता की सीमाओं से कितनी ऐसी गैलक्सियॉं हमारे लिए अगोचर हैं? और सक्रिय गैलेक्टिक नयूक्लियस के अंत के बारे में हमें क्या पता चलता हैं? ऐसे कई जिज्ञासाओं में मग्न हैं।



मिल्की वे में एच आई क्षेत्र : करीब 13.7 अरब वर्षों से पहले महास्फोट के पश्चात बडी मात्रा में जलजनक का सृजन हुआ जो, तारा समूह के निर्माण के लिए आधार बना। पृथ्वी पर हम जिस हवा का सास लेते हैं उसकी तुलना में कम घनत्व के तटस्थ जलजनक, तारों के बीच की जगह भर गई। इन जलजनक क्षेत्रों के उत्सर्जन जिसे एचआई क्षेत्र कहा जाता है, से तारों की रचना से पहले की स्थिति की जानकारी प्राप्त होती है। संस्थान के अनुसंधानकर्ता देश एवं विदेश के विभिन्न रेडियो दूरदर्शकों प्रेक्षाणात्मक आंकडों की सहायता से एसे एचआई क्षेत्र का उद्‌गम एवं संरचना पर काम करते हैं।

पल्सारें : पल्सारों की खोज एक आकस्कि घटना है। ये पल्सार सुपनोवा से उत्पन्न होनेवाले न्यूट्रान तारे होते हैं जो कोणीय गति के संरक्षण के कारण तेज घूमते हैं और रेडियो तरंगों को आवधिक उत्सर्जन करते हैं। उनके आवधिक उत्सर्जन से ही पल्सारों को "ब्रह्मांड का लाईट हाउस" कहा जाता है। हम उन्ही पल्सारों की प्रेक्षण कर सकते हैं जिनके किरण पथ्वी की दिशा में हैं। पल्सार के उतसार्जनों से उनकी संरचना एवं दूर की अंर्तदृष्टि प्राप्त होती हैं। ये सामान्य सापेक्षता के परीक्षण के लिए अद्भुत प्रयोगात्मक मंच हैं। आज, ब्रह्मांड में पाये जाने वाले सटीक कालमान में मिलिसेकेंड पल्सार भी एक हैं। संस्थान द्वारा सक्रिय पल्सारों पर अनुसंधान करने के काम और उनकी प्रकृति के बारे में विवरण प्राप्त करने हेतु रिसीवरों के विकास कार्य किया जा रहा है।

रेडियो गैलाक्सियों का जीवनचक्र : रेडियो दूरदर्शकों की बढ़ती संवेदशीलता एवं दृष्टिस्थिरता से रेडियो गैलाक्सियों के लक्षण एवं आकार के प्रेक्षण को जटिल बना दिया है। यह माना जाता है कि, गैलाक्यिों की न्यूक्लियस में क्रियाएँ समाप्त होकर फिर से आरंभ हुई हैं। इस प्रकार के परिदृष्य हमारे प्रेक्षण कार्य को स्पष्ट करता है एवं रेडियो गैलाक्सियों का उद्‌गम एवं जीवनचक्र की हमारी जानकारी बढ़ाने के लिए सहायक हैं। न्यूक्लियसों का अवसान क्यों हुआ, पुनः सक्रिय होने से पहले कितनी अवधि तक वे आवसानित थे, उनके पुर्नजन्म के लिए कारणीभूत मैकानिस्म क्या हैं, – आदि कई ऐसे प्रश्नों के उत्तर ढूँढने हेतु, संस्थान के अनुसंधानकर्ता राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहकर्मियों के सहयोग से प्रयत्नशील हैं।

रेडियो गैलाक्सियों मार्फालजी : नवीन वर्षों में, X–आकार के रेडियो गैलाक्सियों ने खगोल विज्ञानी समुदाय की दिलचस्पी बढाई है तथा संस्थान के खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी समूह इस अनुसंधान क्षेत्र में सक्रिय हैं। X–आकार के रेडियों गैलाक्सियों में, दो लोब अन्य दो लोबों के साथ मिलकर रेडियों गैलाक्सियॉ बनती हैं और इनके लोब X–अक्षर के आकार में होते हैं। इनमें से दो लोब सक्रिय रहते हैं और, बाकी दो मरे हुए होते हैं। अतिरिक्त दो लोबों की उत्पत्ति कैसे हुई इसको समझाने हेतु अनेक सिद्धांत हैं। संस्थान के वर्तमान प्रेक्षण को इन सिद्धांतों के परीक्षण X–आकार के रेडियो गैलाक्सियों से अधिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

एक्स–रे बायनरीज : कांपैक्ट सितारें (न्यूट्रान तारें एवं ब्लैक होल) ब्रह्मांड में कुछ चरम परिस्थितियॉ पैदा कर देते हैं और, बायनरी स्टेलर प्रणाली में इन कांपैक्टक सितारों से विकिर्णित ऊर्जा उत्सर्जन के उपयोग से, इन चरम परिस्तिथियों का पता लगाया जा सकता है। सह उच्च ऊर्जा उत्सर्जन, मुख्यतः एक्स–रे को पहचानना कई एक्स–रे प्रेक्षणालयों के लिए सुलभ हैं। रामन अनुसंधान संस्थान के खगोलविद, कई अंतर्राष्ट्रीय प्रेक्षणालयों की सहायता से किए गए प्रेक्षण को, बायनरी एक्स–रे तारों के कक्षीय विकास एवं कक्षीय खामियॉ, कई नई खोज के साथ एक्स–रे पल्सारों में अर्ध–अवधिक प्रदोलन, एक्स– रे पल्सारों में स्वयं अवशोषण एवं पल्स प्रोफाईल में गिरावट, एक्स–रे पल्सारों में साईक्लोट्रान अवशोषण लाईनें, न्यूट्रान स्टार मैग्नेटिक फील्ड़ एवं थर्मोन्यूक्लियर एक्सरें विस्फोट आदि विषय पर अन्वेषण के लिए इस्तेमाल करते हैं। संसथान में विकासाधीन आगामी इंडियन मिशन अस्ट्रोसैट एवं एक्स–रे पोलारमीटर से एक्स–रे बायनरियों के अध्ययन के प्रयास सुदृढ़ होंगे।

उपकरण–डिज़ाईन एवं विकास

विश्व भर में अनेक दूरदर्शकों के विकास कार्य में रामन अनुसंधान संस्थान शामिल है। वर्तमान की एंटेना प्रणालियॉ बडे रिफ्लेक्टरों एवं एकल अथम कम संख्या के फीड़्स पर आधारित हैं। मर्चीसन वाइडफील्ड व्यूह एवं लो फ्रीक्वेन्सी व्यूह के प्रोटोटाइपों ने अगली पीढ़ी के दूरदर्शकों के डिज़ाईन में बदलाव लाए हैं। रिआयानाइजेशन युग एवं उनके मार्गस्थ वैज्ञानिक परियोजनाओं ने, अगली पीढ़ी के कई रेडियो दूरदर्शकों के लिए एक GHz से कम फ्रीक्वेंसी में अधिक बैंडविड्थ से अधिक क्षेत्र के वीक्षण की क्षमता हासिल की है। इसका उपयोग फेसड़ एर्रे एवं अपार्चर एर्रे में किया जा सकता है, जिनके किरणों की संख्या उपलब्ध संस्करण शक्ति एवं संचार पर निर्भर हैं।

गौरीबिदनूर रेडियो टेलीस्कोप, मारिशियस रेडियो टेलीस्कोप, मर्चीसन वाइडफील्ड एर्रे एंड डेवेलपमेंट आफ ब्राडबैंड फीड फार ग्रीनबैंक रेडियो टेलीस्केप के साथ शामिल होकर रामन अनुसंधान संस्थान ने इस क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल की है। 50 से 1000 MHz फ्रीक्वेन्सी के रेंज में अपार्चर एर्रे तकनालजी के विकास करने के कार्यक्रम को संस्थान ने अपनाया है।



गौरीबिदनूर रेडियो टेलीस्कोप (जीआरटी) : गौरीबिदनूर (बेंगलूर के उत्तर की तरफ 100किमी दूरी) पर स्थित डेकामीटर वेव रेडियो टेलीस्कोप का प्रचालन रामन अनुसंधान संस्थान एवं भारतीय खगोलभौतिकी संस्थान की सहयोगिता से प्रचालित है।

यह 34.5 MHz में प्रचालित मेरिडियन ट्रान्सिट उपकरण है जिसमें ट्रैकिंग सुविधा भी है। इस टेलीस्कोप में T अकार में 1000 डायपोल लगाए गए हैं। डायपोल के अभिविन्यास पूर्व–पश्चिम की दिशा के लिए किया गया है और यह पूर्व–पश्चिम दिशा के घटकों का ग्रहणशील है। इसका उपयोगी बैंडविड्त 10 MHz है और यह 32 MHz में केंद्रित है जबकि, इसके लिए उपलब्ध प्रभावी ग्रहण क्षेत्र करीब 18000 वर्ग मी. हैं।

एर्रे किरणों को इसके अवयवों पर सही ढ़ंग से चलाया गया है। उत्तर–दक्षिण बीम को –45° से 75° के झुकाव रेंज में रखा गया है। पूर्व–पश्चिम एर्रे को घंटे–कोण के 10 डिग्री के आसपास रखा गया है जिससे कम से कम 42 मिनट के लिए ट्रैकिंग किया जा सकता है।

इस टेलीस्कोप को सुलभ आकाश के निरंतर सर्वेक्षण, सुपरनोवा अवशेषों का अध्ययन, बृहद पहाड़ी क्षेत्र, अबाधित सूर्य एवं सोलार विस्फोट से रेडियो उत्सर्जन आदि के अध्ययन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ट्रैकिंग सुविधा के उपयोग से, कई नज़दीकी पल्सारों के रेडियो रिकांबिनेशन लाईन एवं रेडियो उत्सर्जन का प्रेक्षण किया जाता है।

एक्स रे पोलरीमीटर : उच्च ऊर्जा खगोलभौतिकी में एक्स रे पोलरीमेट्री एक अनन्वेषित क्षेत्र है। एक्स–रे ध्रुवीकरण मापन का एकमात्र प्रयोग रहा है और क्रैब नेबुला इस मापन के अस्तित्व का स्रोत है। रामन अनुसंधान संस्थान के अनुसंधानकर्ता, आकाशकायों से ध्रुवीकृत एक्स–रे को पहचानने के विधान के विकास एवं एक्स–रे उपकरणों के निर्माण कार्य में हैं। इन उपकरणों को आकाश में भेजा जाएगा जो आकाशीय घटनाओं के लिए नई दृष्टि प्राप्त होगी।

रामन अनुसंधान संस्थान में एक्स–रे डिटेक्टरों के निर्माण एवं परीक्षण के लिए एक सुसज्जित प्रयोगशाला है। 5 से 30 keV

एनर्जी रेंज में संवेदनशील एक्स–रे पोलारीमीटर के विकास में अनुसंधानकर्ता कार्यरत हैं। इस उपकरण को इसरो के सहयोग से आसमान में उड़ाया जाएगा। एक प्रयोगशाला नमूना तैयार करके सफल परीक्षण भी कर दिया गया है। एक इंजीनियरी नमूने का डिज़ाईन एवं फैब्रिकेशन प्रगति पर है। अंतरिक्ष की योग्यता के अनुसार अपेक्षित विभिन्न मानकों को ध्यान में रखते हुए प्रयोगशाला के मॉडल को भी रिडिज़ाईन करने की जरूरत है।

आस्ट्रोसैट: यह बहु वेवलेंथ खगोल विज्ञान के लिए इसरो का एक सैटिलाईट मिशन है जिनके प्रमुख वैज्ञानिक उद्देश्य में, एक्स–रे बायनरियों के ब्राडबैंड स्टेक्ट्रोस्कोपिक अध्ययन, एजीएन, गैलक्सियों, स्टेल्लर करोने के समूह एवं सर्वेक्षण शामिल है। रामन अनुसंधान संस्थान, एक्स–रे टाइमिंग एवं विशाल एनर्जी बैंड पर लो–रेसोल्यूशन अध्ययन हेतु, आस्ट्रोसैट के एक पेलोड पर, एक विशाल क्षेत्र के एक्स–रे प्रोपोर्शनल काउंटर (एलएएक्सपीसी) के विकास कार्य में शामिल है।

फोटॉन संचयन के विशाल क्षेत्र की प्राप्ति हेतु एलएएक्सपीसी का डिजाईन किया गया है जो, अधिक एवं मध्यम तीब्रता के एक्स–रे स्त्रोतों में, अधिक फ्रीक्वेन्सी एक्स–रे प्रकाश वक्रों के अध्ययन के लिए अनुकूलकर है। फिर भी तीव्रता के परिवर्तन अध्ययन के लिए इस प्रकार के उच्च संवेदनशीलता का इस्तेमाल करने हेतु, एलएएक्सपीसी डिटक्टरों एवं संस्करण के इलेक्ट्रानिक एककों के समय प्रतिक्रिया की व्यवस्थित अनियमितताओं का समझना, और मापने की सख्त जरूरत है। रामन अनुसंधान संस्थान के खगोल विज्ञान प्रयोगशाला के अनुसंधानकर्ता वर्तमान में आस्ट्रोसैट–एलएएक्सपीसी उपकरण के समय निर्धारण एवं स्पेक्ट्रल कैलिब्रेशन एवं डेटा रिडक्शन साफ्टवेर के विकास में कार्यरत हैं।



चालू अनुसंधान

अविनाश देशपांडे के अनुसंधान की रूचि के क्षेत्र में, न्यूट्रॉन तारें, पल्सरें, ट्रान्सिएंट्स, गैलक्सी, इंटरस्टेल्लर माध्यम, इन्स्ट्रुमेंटेशन एवं सिग्नल प्रोसेसिंग शामिल हैं।

पिछले शैक्षिक वर्ष में देशपांडे ने W49N में OH मेसर स्रोत पर अपना अध्ययन जारी रखा जिसमें, स्कैटरिंग और मैग्नेटिक क्षेत्र के परिवर्तनों से संबंधित स्पेशियल स्केल की जॉच भी शामिल है। W49N के चारों ओर पसरित 200 साईट लाईन क्षेत्र के अंधर और इंटरवीनिंग स्कैटरिंग माध्यम में ट्रान्वर्स स्केल में एक परिवर्तन का मॉडल है। वीएलबीए द्वारा वीक्षित स्कैटर–विस्तृत मेसर स्रोतों के सेट के लिए अनुमानित पैरामीटर, इन पैरामीटरों के परिवर्तन से संबंधित स्पेशियल स्केल की जॉच करने का अवसर प्रदान करते हैं। स्रोतों से संबंधित वेलासिटी (लाईन आफ साईट) का संरचनात्मक कार्य, क्षेत्र के पार एक वेलासिटी ग्रेडिएंट के पार करने के ट्रेंड का परिचय करता है। स्कैटर–विस्तृत स्रोती की अकृति एवं स्रोत की एंगल की स्थिति एवं अनुपात के लिए संरचनात्मक कार्य, 200-300 mas के एंगुलर स्केल पर (अथवा 1000-15000AU स्पेशियल स्केल पर) ISM के स्कैटरिंग पदार्थ में महत्वपूर्ण परिवर्तन का संकेत देता है। कई दर्जन ज़ीमन जोड़ों के लिए उपलब्ध अनुमानों के उपयोग से मैग्नेटिक क्षेत्र के लिए कंप्यूट किया गया संरचनात्मक कार्य, कोई मोनोटेनिक ट्रेंड का प्रदर्शन नहीं करता है। यद्यपि संरचनात्मक कार्य का सैपल अस्पष्ट है तथापि 150mas (स्रोत की दूरी 11.4 केपीसी पर स्पेशियल स्केल पर 1500 AU) में मैग्नेटिक क्षेत्र का डिकोरिलेट किया जाता है। यह अध्ययन को डब्ल्यू एम ग्रास, एनए आर ओ (न्यू मेक्सिको, यू एस ए), जोस ई मेंडोज़ा इन्टिटयूटो नेशनल डी आस्ट्रोफिज़िका, आप्टिका वाई एलेक्ट्रानिका, मेक्सिको के सहयोग के साथ किया गया।

रेडियो पल्सरों में ड्रिफ्टिंग–सबपल्स फेनोमिना का नवीनतम अध्ययन, एक्सिलरेशन जोन में उत्सर्जन को एक रोटेटिंग स्पार्क पैटर्न से बीजांकित उत्सर्जन कलम प्रणाली के रूप में संगठित करने का प्रस्ताव रखता है (रुडरमन एवं सूदरलैंड 1975)। योगेश मान के सहयोग से देशपांडे ने, उके सब–बीम परिक्रमण अवधि को प्रमाणित करने एवं विद्यमान पेक्षणात्मक आंकड़े के उपयोग से, उसके विभिन्न कोनल उत्सर्जन रिग के बीच पारस्परिक संबंध को ढूँढने हेतु, B1237+25 एक प्रकाशमान पल्सार (मल्टी कांपोनेट प्रोफाईल के साथ) सब–पल्स फलक्चुएशन अध्ययन किया (कृपा : वारमाउंट विश्वविद्यालय के जोअन्न रैंकिन)। इस विश्लेषण से यह संकेत मिलता है कि, किभिन्न रेडि में कोनल उत्सर्जन के बीच परस्पर संबंध है और विभिन्न कोनल रिंग के उत्सर्जन के लिए एक सामान्य पेटर्न ही जिम्मेदार है। रोटेटिंग स्पार्क माडेल से जो अपेक्षा थी उसकी तुलना में इस पल्सर में कुछ विशिष्ट गुण असंगत है और इस संबंध में अध्ययन जारी है।

देशपांडे ने केप्लर इनिस्टट्यूट ऑफ आस्ट्रानमी, पोलैंड के स्नेहा होन्नप्पा, डब्ल्यू लेवंडोस्की एवं जे किजक, तथा मैक्स प्लैंक इन्स्टिट्यूट फार रेडियो अस्ट्रोनमी, जर्मनी के ए जेसनर के सहयोग के साथ हाई फ्रीक्वेन्सी वीक्षण में रेडियो पल्सर से सिंगल पल्स विश्लेषण किया। सात अत्यंत शक्तिशाली पल्सरों से 40000 विशिष्ठ पल्सों का विश्लेषण करने का सफल प्रयत्न किया गया। 100 मीटर एफेल्सबर्ग रेडियो टेलीस्कोप के जरिए वीक्षण किया गया। एक पल्सर के लिए 2.63 GHz फ्रीक्वेन्सी पर हाई रेजोल्यूशन (100 माईक्रो सेकेंड) के आंकडे लिए गए जबकि, बाकी का वीक्षण 8-35 GHz हाई फ्रीक्वेन्सी पर लो रेजोल्यूशन के साथ किया गया। पल्सों के बीच उत्कटता एवं फेस माडयुलेशन की जॉच करने हेतु, लांगिट्यूड–रिसाल्वड एवं हार्मोनिक–रिसाल्वड फ्लक्चुएशन स्पेकट्रल विश्लेषण किया गया। कई पल्सरों में सब–पल्स ड्रिफ्टिंग से संबंधित माड्युलेशन के लक्षणों को पहचाना गया जो, कम फ्रीक्वेन्सी वीक्षण अध्ययन के परिणामों से संगत हैं। ड्रिफ्ट संबंधित आकृतियों की खोज वीक्षण के निर्दिष्ट अंतराल में की गई जिससे, रुडरमन एवं सूदरलैंड माडल के लिए पुष्टी मिलती है। बाकी के समय अंतराल में ड्रिफ्ट संबंधित आकृतियों की अगोचरता भौतिक पैरामीटरों के परिवर्तन (जैसे कि, समानांतर पर रखे गए सब बीम) से हो सकता है। इस मामले में ड्रिफ्ट संबंधित स्पेक्ट्रल आकृति की खोज मुश्किल ही नहीं न मुमकिन है।

एक सामान्य मूल प्रक्रिया को स्पष्ट करनेवाली परस्पर असंबंद्ध रैंडम घटनाओं के परीक्षण को, उसके एक अथवा अधिक महत्वपूर्ण गुणों के कार्य के रूप में उसके घटित होने की आवृत्ति की दृष्टि से की जाती है। जैसे कि, ऊर्जा कार्य के रूप में फोटान स्पेक्ट्रम का मापन। परस्पर पृथक घटनाओं के गुण सिद्धांतों की वीक्षण से प्राप्त अनुपात वितरण, सही वितरण के अनुरूप तभी हो सकता है जब, घटनाएँ परस्पर निवारक हो। फिर भी इस प्रकार के नाम में नियत रेजोल्यूशन की वजह से, घटनाओं की संख्या का बढ़ जाना न केवल अपरिहार्य है बल्कि, घटनाओं की आवृत्ति भी बढ़ जाती है। यद्यपि वीक्षित रेट वितरण पाईल अप से उत्पन्न विकृति का अंदाज लगाने एवं पाईल–अप के प्रभाव के मॉडलिंग इनकार्पोरेटिंग कंप्यूटिंग के लिए व्यापक सिमुलेशन उपलब्ध हैं, तथापि कोई बहाली अथवा उलटाव प्रकार का प्रस्ताव नहीं है। हरीश रायचूर के साथ देशपांडे ने सही वितरण को पुनःस्थापित करने हेतु एक दिलचस्प विश्लेषणात्मक समाधान प्रस्तुत किया है। पोइसन स्टैटिस्टिक्स एवं फोरिआर ट्रान्सफार्मर्स पर आधारित यह तरीका, पईल–अप से विकृत वितरणों पर आधारित अपेक्षानुसार प्रभाव डालती है। यह



तरीका हाई एनर्जी भौतिकी से लेकर चिकित्सा डायग्नोस्टिक्स तक तथा काउंटरेट नाम और/अथवा चार्जे कपल्ड डिवाइसस अथवा समान डिवाइसस के इस्तेमाल से इन्सिडेंट रेडियेशन के स्पेक्ट्रा में जगह पाने की संभावना है।

देशपांडे एवं निशांत सिंह ने मेसरों से संगत पिरयाडिसिटीस एवं आउटफ्लो के लिए बाइनरी प्रणाली एवं उनके प्रभाव पर अध्ययन किया। मेथनाल मेसरों के आधुनिक वीक्षण के अनुसार, बाईपोलार फ्लोस तथा मेसर उत्कटन में परिवर्तनशीलता पर विनिर्दिष्ट ध्यान देने के साथ साथ, बायनरी प्रणाली में सिमेट्रिक विंड के विकास को (पीएलयूटीओं कोड के प्रयोग के साथ) 3 डी सिमुलेशन के माध्यम से मॉनीटर किया जा रहा है। बायनरी के जी–जोन एवं विभिन्न कक्षीय पहलुओं में वेलासिटी संरचना के साथ डेन्सिटी मैप को प्राप्त करने हेतु उनका अध्ययन जारी है। अध्ययन की प्रमुख जिज्ञासा यह है कि, क्या वेलासिटी संरचना कक्षीय गति से स्वतंत्र है? और वीक्षित परिवर्तनशीलता के लिए क्या केवल डेनिसटी परिवर्तन ही जिम्मेदार है?

देशपांडे एवं एन कुमार ने एक चार्ज किए हुए पार्टिकल के क्लासिकल डिसीपेटीव डायनमिक्स के न्यूमेरिक सिमिलेशन को रिपोर्ट किया है जो, नान–मार्कोवियन स्टॉकासिटक फार्सिंग पर निर्भर है। इसमें यह पाया गया कि इस प्रणाली ने स्थिर मैग्नेटिक फील्ड की उपस्थिति में भी एक स्थिर कक्षीय मैग्नेटिक का संचार को विकसित किया। प्रमुखतः बहुपरिवर्तनशील पैरामीटरों के विकल्प के आधार पर कक्षीय मैग्नेटिक संचार भी एक पैरामैग्नेटिक निकला। इसे क्यूबो आंडरसन प्रकार के नान मारकोवियन्नाइस के शास्त्रीय गतिशीलता के लिए प्रदर्शित किया गया। (1) एक नरम (लयबद्ध) कनफाईनिंग पोटैन्शियल एवं (2) रिफलेक्टिंग दीवार की तरह एक सघन पोटेंशियल के माध्यम से एक नैसर्गिग सीमा को थोपा गया। इससे कोई भी दर्शनीय गुणात्मक परिवर्तन नहीं देखा गया। पाए गए कक्षीय मैग्नेटिक प्रभाव के लिए चुने गए ड्राइविंग नायस के नान मारकावियन पदार्थ महत्वपूर्ण लगता है। इन परिणामों के निहितार्थ का भी अध्ययन जारी है।

बृहद मीटरवेव रेडियो टेलिस्कोप (जीएमआरटी) के जरिए देशपांडे एवं वसीम राजा द्वारा यह देखा गया कि, कम रेडियो फ्रीक्वेन्सी (319.5MHz) पर सुपरनोवा रेमनंट कैसियोपिआ के लीनियर पोलराईजेशन कमजोर लेकिन महत्वपूर्ण है। स्पेक्ट्रो पोलारीमेट्रिक आंकडे का विश्लेषण नयी तकनीक आरएम सिंथेसिस द्वारा किया गया जिसका सबसे पहले 1966 में बर्न द्वारा प्रस्ताव किया गया था। किसी बचे इन्स्ट्रमेंटल पोलराईसेशन रिसाव से कमजोर स्कई पोलाराईसेशन पर प्रकाश डाला गया। इन्स्ट्रमेंटल लीकेज होते हुए भी, स्रोत के लिए नवीन पॉलराईजेशन के होने के तथ्य को प्रमाणित करने हेतु, एक्स–रे डेटा के उपयोग करके एक नवीन तकनीक को दिखाया गया। स्टोक–I पोलराईजेशन लीकेज से रेमनंट दूषण एवं तीव्र ध्रुवीकरण का अनुमान होने के बावजूद, जीएमआरटी डाटा के कम फ्रीक्वेन्सी विश्लेषण से यह पता चलता है कि, (कमजोर होने पर भी) अनुमान के अनुसार पॉलरीज्ड उत्सर्जन को साफ्ट एक्स–रे उत्साजन के साथ परस्पर संबंध विरोध को देखा जा सकता है। डेटा में एंगुलर एवं आर एम रेजोल्यूशन देकर, अधिक फ्रीक्वेन्सी से जुड़े ध्रुवीकरण के वीक्षित मात्र से यह मतलब निकलता है कि, स्रोत के अंधर स्पेशियल

स्केल के 1000AU पर तापीय एवं गैर तापीय प्लैस्मा का मिश्रण होते हैं जो, ध्रुवीकरण की स्थिति के एक रैंडम सूपरपोजिशन का रूप धारण करता है। कई अन्य आरएम–प्लेन में पालराइसड उत्सर्जन के अस्तित्व निर्धारण का कार्य जारी है।

देशपांडे एवं उनके सहयोगी टी प्रभु, श्रीवाणी, कामिनी एवं माधुरी ने प्रधान इमेजिंग मोड के लिए लक्षित वीक्षण के लिए वर्तमान में इस्तेमाल किए जानेवाले 30MHz बैंडविड्थ के बदले में WMA के पूरे 300MHz बैंडविड्त के मोड के इस्तेमाल का प्रस्ताव रखा हैं। इसमें प्रत्येक केंद्र के अधर संपूर्ण गोचर क्षेत्र के ऐसे आठ टाइलों का फेसिंग, एवं रा कांप्लेक्स डाटा के रूप में 16 केंद्रों में डाटा रिकार्ड करना आदि शामिल है। इस तरीके को लागू करने हेतु आवश्यक फर्मवेर का विकास किया गया है और वह फील्ड टेस्ट के लिए तैयार है।

कर्टिन विश्वविद्यालय के स्टीव ऑर्ड, रमेश भट्ट और स्टीवन ट्रेम्ब्ली एवं रामन अनुसंधान संस्थान के टी प्रभु के साथ WMA के हाई–टाईम रेजोल्यूशन की जॉच करने हेतु सीमित बैंडविड्थ पर वीक्षण किया गया।

योगेश मान, एच ए अश्वत्थप्पा और देशपांडे ने फेर्मी लार्ज एरिया टेलीस्कोप पल्सर जे1732–3131 से 34.5MHz पर अवधिक रेडियो पल्सर की साध्यता को देखने की रिपोर्ट की है। गौरिबिदनूर में लो फ्रीक्वेन्सी एर्रे के साथ कई सत्र के वीक्षण में, एक ही सत्र में देखा गया, अन्य समय में शायद रेडियो पल्सर शायद कई गुन प्रकाशमान हो गए होंगे। ~20 मिनट के डेटा से विशाल अवधिक प्रोफाईल पर आधारित साईट लाईन के साथ कैंडिडेट डिस्परशन उपाय 15.44+/-0.32 pc/cc होने का अनुमान है। सिंगल पल्स खोज के माध्यम से देखे गए कुछ प्रकाशमान सिंगल पल्स, औसत प्रोफाईल के कोने में पाया गया जो, हाई–एनर्जी उत्सर्जन से संबंधित पल्स गति से मेल खाते हैं। ये परिणाम पल्सर एवं इंटरविनिंग माध्यम दोनों के लिए निहित है। जे 1732 के मामले में, कई युगों के आंकडे को संबद्ध करने से प्राप्त प्रोफाईल औसत डिटेक्शन युग के प्रकाश मान काल में प्राप्त औसत से स्थिर पाई गई है।

वर्ष के दौरान रेडियों अस्ट्रानमी क्षेत्र के कार्य में ऑन लाईन स्पेक्ट्रल एंड स्टोक पैरामीटर कंप्यूटेशन करने हेतु एफपीजीए–बैकएंड के लिए द्वितीय स्तर का फर्मवेर लगानाः कम की गई बूम लेंग्थ के साथ लाग–पीरियाडिक एलिमेंट का डिज़ाईन एवं परीक्षणः एंटीना प्रतिक्रियाओं के माध्यम से शामिल RFI अस्वीकृति क्षमता के रोचक तरीके : आकाश के प्रकाश वितरण के शून्य–स्पेशियल कांपोनेंट के मापन के लिए गैर पारंपरिक मार्ग का पता लगानाः यदि आरएफआई के लिए प्रतिरोधक क्षमता सुनिश्चित करने पर 16–बिट डिजिटलीकरण का उपयोग से सीमित गतिशील रेंज वाले एनालॉग चेन के साथ मिलकर बढ़ी हुई गतिशील रेंज का निर्धारणः आदि शामिल है। यह अध्ययन सी विनुता, आर दुरैचेलवन, पी संध्या, टी एस ममता और निवेदिता (वीएसपी) के सहयोग के साथ किया गया।

बिमन बी नाथ के वर्तमान व्यावसायिक अनुसंधान के रुचि के क्षेत्र में, कास्मालजी, संरचना बनावट एवं एक्स्ट्रा गैलक्टिक अस्ट्रानमी शामिल है। पिछले वर्ष के दौरान, नाथ के अनुसंधान के विषय में, सुपरनोवा और एजीएन प्रेरित हवा क्यूएसओ साईट लाईन में MgII लाईन, सिग्नेचर ऑफ आऊटफ्लोस, स्पाईरल गैलक्सी से सूपरबबल का फटना और गैलेक्टिक हवा, इंट्राक्लस्टर गैस के एंट्रोपी प्रोफाईल, गैलक्टिक हवा एवं फर्मी बबल से गामा रेस आदि शामिल है।



नाथ और उनके शिष्य महावीर शर्मा ने एजीएन एवं सुपरनोवा से प्रेरित गैलक्टिक हवा की गतिशीलता पर विश्लेषणात्मक काम किया। इसके पहले का काम एवं बिना गुरुत्वाकर्षण के और एजीएन रेडिएशन से किसी चलन के इंजेक्शन रहित, सूपरसोनिक हवा के लिए सीमित रहा जो, पहले के सभी वीक्षण एवं तुलना का आधार बना। नए विधान से अधिक सामान्य परिणाम प्राप्त हुए हैं। इनमें से पुराने परिणामों को उपविद बताया गया है जो, कुछ नए परिणाम भी दिए हैं। इसमें अधिक महत्वपूर्ण परिणाम यह है कि, सुपरनोवा से प्रोरित हवा की गति 1000 किमी/प्रति सेंकंड से अधिक नहीं हो सकती, और इसे एजीएन और सुपरनोआ प्रेरित हवा के डयोग्नोस्टिक के रूप में उपयोग किया जा सकता है। नवीतम वीक्षण से इस परिणाम के लिए समर्थन मिलता है यह भी पाया गया है कि, निष्क्रिय तारे का रूप धारण एवं मिल्की वे जैसे इटरमीडिएट मास गैलाक्सियों से हवा, हेलो में बहुत भारी गैस का भंडार हो सकता है। रसायनिक विकास मॉडल के साथ मिलकर यह नया रीतिवाद, विभिन्न गैलक्सियों के वीक्षित हेलो मास एवं स्टेलर के अनुपात के सही विवरण देता है।

सबल MgII अब्जार्पशन लाईन के साथ क्यूएसओं के लिए एसडीएसएस–डीआर7 डेटा का इस्तेमाल करके, यह देखा गया कि, इन लाईनों के वेलासिटी आफसेट एवं बैक्ग्राउंड क्वासर के बयोमेट्रिक लुमिनासिटी के बीच परस्पर संबंध है। एआरआईईएस के महावीर शर्मा एवं हेमचंद के साथ नाथ ने 1/4 स्लोप सहित एक पावर–ला में लुमिनासिटि के साथ वेलासिटी ऑप्टिक स्केल, एक समान रेडिएशन प्रेरित हवा के लिए स्थिर है। उनके अनुसंधान के परिणाम यह दिखाते हैं कि, सबल MgII लाईन का महत्वपूर्ण भाग क्वासर से ही संबंधित है नाकि, इंटरगैलक्टिक माध्यम से।

स्पाईरल गैलक्सी से गैलक्टिक हवा के आरंभ को समझने हेतु, मल्टिपल सुपरनोवा से प्रेरित सुपर बबलों का अध्ययन एवं वे कैसे फटकर गैलक्टिक हवा के लिए बीज बन जाते हैं, इसका विश्लेषणात्मक एवं संख्यात्मक अध्ययन किया गया। विश्लेषणात्मक एवं संख्यात्मक कार्य से यह सिद्ध होता है कि, एक गैलाक्टिक हवा के बीजांकुर होने के लिए कम से कम 0.1 सोलार मास प्रतिवर्ष एवं प्रति वर्ग केपीसी के स्टार फारमेशन दर आवश्यक है जो, प्रोक्षणीय परिणामों में स्थिर हैं। यह भी पाया गया कि, सूपर बबल शेल के फटने के लिए पहले की सोच रेलाई–टेलर अस्थिरता से तापीय अस्थिरता महत्वपूर्ण है। यह गैलक्सियों के आयनाइसिंग से बचने और ब्रह्मांड के रिआयनाईजेशन के लिए विवक्षित है। यह काम जेएपी के छात्र अर्पिता राय और भारतीय विज्ञान संस्थान के प्रतीक शर्मा के सहयोग में किया गया।

30 नज़दीकी गैलक्सी क्लस्टरों (रेक्सेस सैंपल) के एंट्रोपी प्रोफाईल पर काम को जारी रखते हुए, उसे क्लस्टरों के अंधरुनी रेडाई पर भी विस्तश्त किया और इन क्लस्टरों के इंट्रा क्लस्टर माध्यम (आईसीएम) में जमा कुल ऊर्जा का संगणन भी किया गया। नाथ और सहयोगियों ने इन क्लस्टरों में केंद्रीय स्रोतों के रेडियो लुमिनोसिटीस का अनुमान किया एवं जमा कुल ऊर्जा के साथ तुलना भी की। यह भी पाया गया कि, कुल जमा ऊर्जा एक तिहाई तक रेडियों गैलक्सी को देखा जा सकता है। साथ में यह भी देखा गया कि, नान कूल कोर एवं कूल कोर क्लस्टरों की ऊर्जा जमा प्राफाईलों में अंतर है,

और कूल कोर क्लस्टरों के डयोग्नोस्टिक के लिए, पहले के डेन्सिटी प्रोफाईल के बदले एंट्रोपी प्राफाईल को बेहतर पाया गया। यह काम टीआईएफआर के चौधुरी एवं एस मजुमदार के सहयोग के साथ किया गया।

नवीनतम वीक्षण में गैलक्टिक केंद्र क्षेत्र 130Gev के समीप एक गामा रे का गुण पाया गया। अद्यतन अधिकांश बयान डार्क मैटर विध्वंस से आरंभ लाईन पर केंद्रीकृत थे। नाथ ने, एन गुप्ता (आरआारआई) पी बीएरमन (एमपीएलएफआर) एन–सुक–सिओ (मेरीलैंड विश्वविद्यालय), टोडोर स्टेनेव (डेलावेर विश्वविद्यालय) और जूला बेकर त्जुस (रुहर विश्वविद्यालय, जर्मनी) के साथ इस साध्यता का अध्ययन किया कि, यह गुण गैलक्टिक कास्मिक रेसे से उत्पन्न हो सकते हैं। उनका वाद है कि, कास्मिक रे एलेक्ट्रान 1Tev के पास दुरारोह होते हैं और 130Gev में प्रेक्षित गुण, 1 Tev के समीप गैलेक्टिक कास्मिक रेस के इनफ्रारेड में, इंटरस्टेलर के इन्वर्स कांप्टन स्कैटरिंग से बढ़ते हैं।

विकास कार्य के अधीन इन्होने भविष्य के छोटे अस्ट्रनमी सैटिलाईट मिशन के लिए एक्स–रे पोलारीमीटर के विकास कार्य शामिल है। एक्स–रे पालाराइजेशन माप का एक ऐसा अनन्वेषित क्षेत्र है जो, कई प्रमुख हाई एनर्जी खगोल भौतिकी समस्याओं को समझने में अधिक सामर्थ्य रखता है। वर्ष के दौरान विशिष्ट विकास कार्य हैं:

- एक्स–रे पोलरीमीटर के एक इंजिनियरी मॉडल का फैब्रिकेशन काम अंतिम चरण पर है। दो डिटेक्टर यूनिटों का फैब्रिकेशन, वाइरिंग एवं असेंब्ली हो गया है और एक सफल परीक्षण भी किया गया है। दो और डिटक्टरों के लिए फैब्रिकेशन पूरा हो चुका है।
- एक कोलीमेटर के विकास जिसका डिजाईन, संस्थान में ही किया गया एवं सीएनसी मशीनिंग एवं वाईर कटिंग से फैब्रिकेशन का महत्वपूर्ण कार्य पूरा हुआ है। इसमें टैपरड स्लैट्स हैं जो, फ्लैट टॉपड रेस्पान्स के लिए अग्रमुख हैं जो

बिश्वजीत पॉल के वर्तमान अनुसंधन की रूचि के क्षेत्र में एक्स–रे बायनरीस, ट्रान्सिएंट्स, एक्स–रे इन्स्ट्रूमेंटेशन और सिग्नल प्रासेसिंग शामिल है। वर्ष के दौरान उनके अनुसंधान क्रियाकलापों में एक्स–रे पोलारीमीटर का विकास कार्य, आस्ट्रोसैट और कांपैक्ट एक्स–रे स्रोत के विभिन्न पहलुओं की खोज आदि शामिल हैं।

उपग्रह के किसी भी छोटे पाईंटिंग अफ्सेट को न्यूट्रलाईस करता है।

- इवेंट प्रासेसिंग इलेक्ट्रानिक्स का विकास कार्य पूरा होने की स्थिति में है और सफलतापूर्वक व्यापक परीक्षण किए गए है। सामान्य इलेक्ट्रानिक्स यूनिटों पर भी महत्वपूर्ण विकास कार्य संपन्न हुए है और परीक्षण भी किए गए हैं।
- एक्स–रे पोलरीमीटर के हाउस कीपिंग एलेक्ट्रानिक्स पर महत्वपूर्ण विकास कार्य किया गया।
- एक्स–रे डिटक्टरों के फ्रंट एंड इलेक्ट्रानिक्स के लिए स्पेस क्वालिफाईड लेआउट का सृजन किया गया और प्रयोगालय में उनका परीखण भी किया गया।

इन परियोजनाओं के लिए पी वी रिशिन, एम आर गोपालकृष्ण, आर दुरैचेल्वन, सीएम अतीकुल्ला एवं आरएएल एवं एमईएस के कई सदस्यों का भारी योगदान है।

पॉल ने अस्ट्रोसैट–एलएएक्सपीसी डेटा रिडक्शन साफ्टवेर के विकास कार्य में, कुछ समय के लिए आईएसएसी बेंगलूर और एसएसी अहमदाबाद के दो समूहों के साथ काम किया है। इस अवधि के दौरान उन्होने अस्ट्रोसैट ग्राउंड सेग्मेंट समिति, जो हार्डवेर किवकास को छोड़कर अन्य विषयों में अस्ट्रोसैट का ध्यान रखती है, में एलएएक्सपीसी के प्रतिनिधि के रूप में काम किया। वे अस्ट्रोसैट विज्ञान कार्य समूह के सदस्य भी रहे और उसके उड़ान के आरंभिक दिनों में किए जानेवाले वैज्ञानिक कार्यों को पहचानने में जुड़े थे। पॉल ने डेटा रिडक्शन पैकेजों का विकास भी किया और एलएएक्सपीसी टाईमिंग डेटा विश्लेशण भी किया जिसके परिणामों ने, प्रोसेसिंग इलेक्ट्रानिक्स में हार्डवेर सुधार को आवश्यक बताया। अस्ट्रोसैट में आरआरआई के पात्र के बारे में, इसरो एवं टीआईएफआर के साथ समझौता ज्ञापन के पश्चात एलएएक्सपीसी और अस्ट्रोसैट पर काम को आगे बढ़ाया जाएगा।

वर्ष के दौरान एक्स–रे बायनरी के अध्ययन में महत्वपूर्ण योगदान दिए गए है।

चंद्रेयी मैत्रा एवं पॉल ने सुजाकु वीक्षण के उपयोग से दो Be/एक्स–रे पल्सर एवं एक विंड अक्रेटिंग एचएमएक्सबी पल्सर के साईक्लोट्रान रेसोनैंट स्कैटरिंग फीचर्स (सीआरएसएफ) का पल्स फेस रिसाल्वड स्पेक्ट्रम का विस्वश्त विश्लेषण किया। यह पाया गया कि, सीआरएस पैरामीटर पल्स फेस में बदलते हैं और उन्हे मैग्नेटिक फील्ड के मैप के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। और स्रोतों के डाइपोल जॉमिट्री के उल्लंघन की साध्यता भी पाई गई है। यह अक्रेशन कलम की स्थिति और बदले हुए दृश्य कोण में स्थानीय परिसर को भी दर्शाता है। पल्स फेस के साथ परिवर्तन के नमूने को, प्रत्येक स्रोत के लिए एक से अधिक निरंतर स्पेक्ट्रम मॉडल के साथ प्राप्त किया गया। इन सभी में स्थिर परिणाम पाए गए। केवल देखने के कोण के बदलने से ही परिणाके परिवर्तन को सुनिश्चित करने हेतु, स्थिर दृश्य गुण एवं लुमिनासिटी युक्त व्यापक विश्लेषण पर विशेष ध्यान दिया गया। दो ठम/एक्स–रे पल्सरों के लिए जो, अपनी ऊर्जा अपने पल्स प्रोफाईल पर अवलंबित है, इन स्थितियों में लाईन ऑफ साईट को बंद करनेवाला स्ट्रीम/कलम द्वारा एक अतिरिक्त अवशोषण को मानने हेतु, निरंतर स्पेक्ट्रम माडल में एक आंशिक कवरिंग आब्जार्बर को जोड़ा गया।

पॉल, मैत्रा, सचिन नायक और पीआरएल के गौरव के जैसवाल नू सुजाकु वीक्षण तरीके के जरिए हाई मास एक्स–रे बायनरी पल्सर के ब्राडबैंड टाईमिंग एवं स्पेक्ट्रल प्रापर्टी का अध्ययन किया। KeV100 तक 41.41s अवधि के साथ पल्सेशन एवं सबल ऊर्जा अवलंबित पल्स प्रोफाईल को सुस्पष्ट देखा गया। प्रोफाईल में ~70Kev तक संकीर्ण डिप को देखा गया। ऐसे हाई–एनर्जी रेंजों में प्रोफाईल के कई स्तरों में इस प्रकार के प्रमुख डिप की उपस्थिति को, इसके पहले कभी नहीं देखा गया था। हायर एनर्जी की स्थिति में, ये डिप धीरे धीरे अदृश्य हो जोती है और प्रोफाईल सिंगल–पीकड जैसे दिखते हैं। 1.0-200.0 keV बा्रडबैंड स्पेक्ट्रम सही वर्णन, पार्शियल कवरिंग हाई–एनर्जी कट–ऑफ पावर–ला मॉडल से मिलता है। पल्सर स्पेक्ट्रम में कई लो–एनर्जी उत्सर्जन भी देखे गए। वे समान पैरामीटर मूल्य देनेवाले निरंतर मॉडल के साथ तटस्थ एवं आंशिक अयोनाइसड अब्जार्बरों के उपयोग से स्पेक्ट्रम को समा देते हैं। आंशिक आयोनाइज्ड अब्जार्बरों के साथ पार्शियल कवरिंग से और अधिक समा जाता है। उत्कृष्ट फिट–मॉडल में स्पेक्ट्रल फिटिंग के लिए, किसी साईक्लोट्रान का गुण अपेक्षित नहीं है। डिपों में स्पेक्ट्रल पैरामीटरों में परिवर्तन को खोजने हेतु, इस समूह ने प्लस–फेस–रिसाल्वड स्पेक्ट्रोस्कोपी को भी अपनाया। डिप के दौरान अतिरिक्त कालम डिन्स्टिी का मूल्य अन्य पल्स की अवस्थाओं की तुलना में अधिक होने का अनुमान लगया गया। अतिरिक्त तौर पर अयानाइस किया हुआ अब्जार्बरों के इस्तेमाल के दौरान, डिपों में आयोनाईजेशन पैरामीटर का मूल्य भी अधिक था। इसका यह मतलब निकाला गया कि, हायर एनर्जी तक डिपों की उपस्थिति के लिए यही कारण है। अन्य किसी स्पेक्ट्रल पैरामीटर ने, पल्सरों के पल्स फेस के साथ किसी क्रमबद्ध परिवर्तन को नहीं दिखाया।

एक्सएमएम–न्यूटॉन प्रेक्षण के जरिए पॉल और नायक ने एक्लिप्स, एक्लिप्स–एग्रास एवं एक्लिप्स की स्थिति के बाहर, हाई मास एक्स–रे बाईनरी पल्सर सेंटरॉस एक्स–3 में अयन उत्सर्जन लाईनों की परिवर्तनशीलता को खोज निकाला है। संपूर्ण प्रेक्षणावधि में विभिन्न बायनरी फेसों पर विचार किए बिना 6.4 keV, 6.7 keV और 6.97 keV पर, पल्सर स्पेक्ट्रम में तीन अयन उत्सर्जन लाईन को स्पष्ट देखा गया। इन उत्सर्जन लाईनों के गुणों को विभिन्न इंटेनिस्टी स्तर पर देखा गया। तीन कक्षीय



गतियों के दौरान इन उत्सर्जन लाईनों के फ्लक्स स्तर एवं सरिसमान चौडाई भी बदल गई। टाईम रिसाल्वड स्पेक्ट्रल विश्लेषण से प्राप्त परिणामों से यह समझा गया कि, अधिक संभावित उत्सर्जन क्षेत्र 6.4 keV के फलोरोसेंट लाईन, न्यूट्रान स्टार के बहुत समीप है जबकि, अन्य दो लाईनों का विकास न्यूट्रान स्टार से बहुत दूर, प्रायः कंपानियन स्टार के अधिक फोटो–अयानाईसड हवा में अथवा अक्रेशन डिस्क करोना में हो सकता है।

मैत्रा, पॉल, प्रगति प्रधान और नार्थ बंगाल विश्वविद्यालय के बिकाश सी पॉल ने बीएटी गैलाक्टिक प्लेन सर्वेक्षण में खोजे गए एक ठम/एक्स–रे बाईनरी का विस्तश्त टाईमिंग एवं स्पेक्ट्रल विश्लेषण किया। छः महीनों के अंतराल में किए गए दोनों सुजाकु वीक्षणों ने ~890s में पल्सेशन को प्रकट किया जिसमें, दूसरें वीक्षण में पल्स का खंड अधिक कमजोर दिखा। दोनों वीक्षण मे >1keV ऊर्जा पर सुस्पष्ट पल्सेशन देखने को मिला और दूसरे वीक्षण में 40 KeV मे हाई एनर्जी पर। ब्राडबैंड एक्स–रे स्पेक्ट्रम, हॉट ब्लैक्बॉडी कांपोनेंट सहित एक पावर ला और हाई एनर्जी कट ऑफ मॉडल के साथ स्थिर रहा। दो वीक्षण के बीच स्पेक्ट्रल पैरामीटर में कोई परिवर्तन नहीं देखे गए। उन्होने स्विफ्ट/एक्सआरटी के माध्यम से स्रोतों का कई अल्पकालिक वीक्षणों का विश्लेषण भी किया और फ्लक्स में अत्यल्प प्रतिशत परिवर्तन को भी खोज निकाला। परिणाम यह सूचित करता है कि, Be/एक्स–रे बाईनरी उन दृढ़ Be/एक्स–रे बाईनारियों का ही सदस्य हैं जो, स्रोत के सरिसमान विशाल गुण युक्त हैं।

निर्दिष्ट एचएमएक्सबी में वीक्षित कक्षीय अवधि में अधिक परिवर्तन यह प्रस्ताव रखता है कि, नज़दीकी एचएमएक्सबी में परस्पर टाईडल व्यवहार अधिक सक्रिय हैं। कंपानियन–रेडियस–सेमिमेजर–एक्सिस अनुपात पर टाईडल विकास के दर के एक्स्ट्रीम पावर ला अवलंबन, केवल <10d से अत्यल्प कक्षीय अवधि के प्रणालियों में, इस प्रभाव को प्रमुख बनाता है। अधिकांश प्रणालियॉ वृत्ताकार के होने के कारण परस्पर टाईडल व्यवहार स्पिन–आर्बिट सिंक्रोनाईजेशन के माध्यम से होते हैं। पॉल और हर्शल भडकमर ने एचएमएक्सबी के विकास में परस्पर टाईडल व्यवहार की खोज की है। डायनमिक टाईड के माध्यम से टाईडल परस्पर व्यवहार के मानक फ्रेमवर्क को इस्तेमाल करके उन्होने, उसके पैरामीटर रेंज की खोज की है जिस पर, यह प्रक्रिया सक्रिय है। तीन विशिष्ट एचएमएक्सबी के लिए भविष्य के विकास की संगणना की गई और यह दिखाया गया है कि, सक्रिय टाईम स्केल गणनीय मात्रा में घटता है। एचएमएक्सबी को न्यूट्रान स्टार द्वय प्रणालियों के पूर्वज माना जाता है जो गामा रे बर्स्ट की ओर अग्रसर हैं। न्यूट्रान द्वय तारों को भी गुरुत्वाकर्षण तरंगों के उत्सर्जक माने जाते हैं। एचएमएक्सबी फेस में सक्रिय टाईम स्केल का घटाव, इन प्रणालियों के जनन मात्रा के संगणन पर गणनीय प्रभाव डालता है। अनुसंधानकर्ताओं ने एक साध्यता को ढूँढ निकाला है जिसमें, एचएमएक्सबी के फेस में परस्पर टाईडल व्यवहार के कारण इन सनन की मात्रा को बदला जा सकता है। उन्होने उन एचएमएक्सबी के परिमाणात्मक अंदाज भी किया है जिनमें, यह प्रभाव प्रमुख हैं और दर्शनीय हैं।

पॉल, नायक और जयसवाल ने सुजाकु वीक्षण के डेटा का इस्तेमाल करते हुए, एक हाई मास एक्स–रे बाइनरी पल्सर के विस्तश्त टाईमिंग और ब्राडबैंड स्पेक्ट्रल अध्ययन किया। यह पया गया कि, पल्स प्रोफाईल ऊर्जा पर अधिक अवलंबित हैं। विभिन्न पल्स फेसों में कई अवशोषण गुणों की उस्थिाति, सॉफ्ट एक्स–रे पल्स प्रोफाईलों को जटिल बनाती है। लेकिन हाई एनर्जी में पल्स प्रोफाईल को सिंगल पीकड पाया गया। उन्होने कट–ऑफ पावर ला, हाई एनर्जी कट–ऑफ पावर–ला, नेगेटीव एंड पाजिटीव ला विद एक्सपोनेन्शियल कट–ऑफ आदि जैसे अनेक प्रवाह माडेल, एक सरल अवशोषण कांपोनेंट और एक पार्शियल कवरिंग अब्जार्प्शन के साथ, 1-70 keV फेस में पल्सर के औसतन स्पेक्ट्रम को समाने की कोशिश की है। लेकिन यह पाया गया कि, ब्लैकबॉडी कांपोनेंट के साथ पार्शियल कवरिंग एनपीईएक्स प्रवाह माडेल ने डेटा को अधिक समाया। स्पेक्ट्रम क s6.4 keV में एक कमजोर अयन फ्लूरोसेन्स उत्सर्जन लाईन को देखा गया। स्पेक्ट्रल फिटिंग के शेष में ~44keV पर अवशोषण समान गुण की उपस्थिति हमें उपरोक्त एनर्जी पर, एक साईक्लोट्रान रेसोनैन्स स्कैटरिंग फीचर (सीआरएसएफ) को जोड़ने पर मज़बूर करती है जिससे, स्पेक्ट्रम के समा देने में और सुधार हुआ। उन्होने पल्सर संबंधित सर्फेस मैग्नेटिक फील्ड का 3.8×10^{12} गाउस होने का अंदाज भी किया है।

गैलक्टिक एक्स–रे बाईनरियों के परिवर्तनशीलता को ध्यान में रखते हुए, पॉल और नज़मा इस्लाम ने, एक्स–रे लुमिनासिटी फंक्शन के निर्माण के लिए, आल स्काई एक्स–रे मानिटर से प्राप्त हमारे गैलक्सी के एक्स–रे बाईनरियों के दीर्घकालिक लाईट–कर्व का इस्तेमाल किया। विभिन्न प्रकार के गैलक्सियों के एक्स–रे बाईनरियों के एक्सएफएल को, स्टार फार्मेशन रेट एवं गैलक्सी के स्टेल्लर मास जैसे, गैलक्सी पैरामीटर के संकेतक होने के कारण और, टाईम–स्केल के विशाल रेंज में एक्स–रे बाईनरीस स्वाभाविक तौर पर अधिक परिवर्तनशील होने के कारण, एक्सएफएल के स्नैपशाट में एक्स–रे बाईनरियों की परिवर्तनशीलता के प्रभाव को समझना अत्यावश्यक है। आरएक्सटीई आल स्काई मानीटर में, 2-12 KeV एनर्जी बैंड पर प्राप्त किए गए स्रोतों के दीर्घकालिक लाईट–कर्व को इस्तेमाल करके, पॉल ने हमारी गैलक्सी के एक्स–रे लुमिनासिटी के माल्टिपल रियलाइजेशन का निर्माण किया है। गैलक्टिक एचएमएक्सबी के लिए 10^{35-39} erg/sec में निर्मित एक्सएफएल में पावर ला इंडेक्स –0.5 है और विभेद 0.05 हैं जबकि, 10^{35-39} erg/sec लुमिनासिटी रेंज में निर्मित गैलक्टिक एलएमएक्सबी एक्सएफएल का पावर ला इंडेक्स 0.2 है और विभेद 0.02 है। इन लुमिनासिटी फंक्शन एवं गैलक्टिक एक्स–रे बाईनरियों के लिए निर्मिन उनके विभेदों को, स्नैपशाट चंद्रा एवं साहित्य में उपलब्ध नजदीकी गैलक्सियों में एक्स–रे लुमिनासिटी के एक्सएमएम न्यूटॉन मेजरमेंट की तुलना के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

के एस द्वारकानाथ के अनुसंधान की रुचि के क्षेत्र में, एक्स्ट्रागैलक्टिक अस्ट्रानमी, गैलक्सी क्लस्टर्स, हेलो और हेलो रेडियो स्रोत, गैलक्सी और इंटरस्टेल्लर माध्यम शामिल हैं।

